# भरतपुर रेंज में असामाजिक तत्वों एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध धरपकड़ कार्रवाई की

**भरतपुर ( निस )।** पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के नेतृत्व में भरतपुर रेंज के सभी जिलों में असामाजिक तत्वों की धरपकड के लिए अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान 1273 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 307 टीमों ने कुल 1309 स्थानों पर दबिश देकर

■ **कार्यवाही के दौरान 1273 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 307 टीमों ने कुल 1309 स्थानों पर दबिश देकर 681 असामाजिक तत्व एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की**



**पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के नेतृत्व में भरतपुर रेंज के सभी जिलों में असामाजिक तत्वों की धरपकड के लिए अभियान चलाया गया।**

681 असामाजिक तत्व एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की। महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर राहुल प्रकाश ने बताया कि रेंज के जिला भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी एवं डीग में असामाजिक तत्वोंरकी धरपकड एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए 31 अगस्त की सुबह से 1 सितम्बर की मध्य रात्रि तक एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही की गई। एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही में रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षकों को हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्री शीटर अपराधी, आदतन अपराधी, जघन्य, सामान्य् अपराधों में वांछित चल रहे अपराधी, आर्म्स एक्ट के अभ्यस्त अपराधी एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में वांछित अपराधी, ईनामी अपराधी, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब के नये प्रकरण एवं स्थाई वारन्टी, भगौडा, अपराधियो की सूचियां तैयार कर उनकी धरपकड के लिये विभिन्न टीमें गठित करने के निर्देश दिये गये। सभी पुलिस अधीक्षकों ने उनकी वांछित अपराधियों की सूची तथा दबिश टीमों एवं दबिश रूट मे तैयार कर 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर मध्य रात्रि तक धरपकड एवं गिरफ्तारी कार्यवाही की। इस अभियान में अधिकतम पुलिसकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। इस कार्यवही के दौरान 1273पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 307 टीमों ने कुल 1309 स्थानों पर दबिश देकर 681 असामाजिक तत्व एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की। 11 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जो महिला अत्याचार के प्रकरणों में वांछित थे। 155 स्थाई वारन्टी उद्घोषित अपराधी/335 बीएनएस/गिरफ्तारी वारन्ट 1 में वांछित अपराधी पकडे। 28 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जो जघन्य अपराधों में वांछित थे। 103 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जो सामान्य अपराधों में वांछित थे। 8 ऐसे आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जो प्रकरणों में वांछित थे। 13 ईनामी अपराधी गिरफ्तार किये गये। 9 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जो आर्म्स एक्ट एनडीपीएस आबकारी के प्रकरणों में वांछित थे। 10 हिस्ट्री शीटर जो वांछित थे को गिरफ्तार किया गया। 278 व्या्क्तियों को धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। 68 व्या्क्तियों को नवीन दर्ज प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया। अवैध हथियार रखने वालों के विरूद्ध फायर आर्म्स की 2 एफआईआर दर्ज की गई और 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं 1 देशी कट्टा, 2 जिन्दा कारतूस, 1 टोपीदार एकनाली बंदूक मय हथियार बनाने के औजार जब्त किये गए। 33 एफआईआर अवैध शराब का धंधा करने वालों के विरूद्ध दर्ज की गई। जिनमें 32 को गिरफ्तार कर उनके कब्जो से करीब 2212 देशी पव्वा, 114 अग्रेंजी पव्वा, 18 लीटर हथकड शराब, 58 बीयर बोतल अवैध, 30 बीयर केन शराब बरामद की गई एवं 5380 रूपये जब्त् किये गये।

## ब्रज गोट टैलेंट सीजन 2 का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर रोशनी द्वारा आयोजित ब्रज गोट टैलेंट सीजन 2 का आयोजन होटल द ग्रैंड सीपी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल खंडेलवाल, मनु गोयल, राजेश उपमन, नीता गोयल व मनीष भटनागर रहे। अध्यक्ष रेखा सिंघल ने बताया कि इस ऑडिशन में करीब 210 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से निर्णायक मंडल में बरखा बंसल, सीमा शर्मा, शालू जिंदल, पल्लवी शर्मा, शिल्पा चौधरी, खुशी शर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, वंदना कुलश्रेष्ठ, रुचि जैन व कामिनी जैन ने करीब 90 बच्चों को गायन व नृत्य में फाइनल के लिए चयनित कर गोल्डन कार्ड द्वारा फाइनल में एंट्री दी गई।

कार्यक्रम संयोजक संगीता शर्मा नीलम गर्ग व शिखा गोयल के अनुसार ऐसे मंच भरतपुर में बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। भरतपुर रोशनी द्वारा पूर्व में बृज गोट टैलेंट प्रथम का आयोजन किया जा चुका है।

यह सीजन 2 बच्चों के लिए दोबारा यह मंच उपलब्ध करवा रहा है। बच्चों द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे मंच की भरतपुर में बहुत आवश्यकता है और इन्हीं मंच के द्वारा जो बच्चे अपने हुनर के बल पर आगे जाएंगे। वह हमारे भरतपुर शहर का नाम रोशन करेंगे। इस मंच के द्वारा देखा गया की भरतपुर में नृत्य और गायन में बहुत सारी संभावनाये है।

## सार-समाचार

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** टीम अभिषेक भरतपुर के संस्थापक एवं समाजसेवी स्व जनेन्द्र जैन की पुण्य तिथि पर स्वास्थ्य मंदिर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री एवं भरतपुर से विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग द्वारा किया और गरीब और जरूरतमंद बच्चों को बस्त्र वितरित कर स्व. जनेन्द्र जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। परामर्श शिविर में जौहरी हॉस्पिटल भरतपुर की डॉ बबीता महला द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई एवं दंत चिकित्सा शिविर में डॉक्टर सौरभ शर्मा एवं डॉक्टर परण शर्मा द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंदिर के संस्थापक डॉक्टर वीरेंद्र अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी दीनदयाल सिंघल टीम अभिषेक के अध्यक्ष राकेश गोयनका,विष्णु गर्ग, धीरज जैन, पूर्व पार्षद अशोक लवानिया, सुमित तनेजा, राकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, जीतू राजोरा, नीरज शर्मा एडवोकेट, महबूब खान, तरुण जैन,दलबीर सिंह, राजीव सिंह, गौरव बंसल, देवेंद्र पाल एडवोकेट राधेश्याम मडरपुर, सुरेश मदेरणा, मनोज पोद्दार डॉ लोकपाल सिंह, भारत कलरा आयुष जैन, निश्चित जैन, पीयूष जैन, हर्षित जैन, अनन्या जैन, धान्या जैन, प्रियंका जैन, पूजा जैन, श्वेता जैन, नेहा सिंह, पूनम शर्मा आदि ने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए।

### प्रथम कार्यकारिणी मीटिंग आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** युवा अग्रवाल महासभा की प्रथम कार्यकारिणी मीटिंग होटल ओम कॉम्पलैक्स में शहर अध्यक्ष ओमप्रकाष सिघंल की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। मीटिंग में मुख्य अतिथि भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिला अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, महामंत्री मुकेश सिघंल रहे। मीटिंग की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर की गई। मुख्य अतिथि सीए अतुल मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा से सामार्जिक कार्यो में मदद के रूप से सबसे आगे रहा है और उन्होंने कार्यकारिणी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में अग्रवाल समाज के युवाओं को सदस्यता दिलाने को कहा। महामंत्री मुकेश सिघंल ने कहा कि नव युवा अग्रवाल शहर अध्यक्ष काफी जोश से अग्रवाल समाज के युवाओं को जोड रहे है एक दिन में 1500 नये सदस्य भी इन्होंने बनाये है। शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिघंल ने बताया कि 6 सितम्बर को एक अग्रवाल समाज की बडी मीटिंग प्रेम गार्डन, भरतपुर में युवा अग्रवाल महासभा भरतपुर द्वारा की जा रही है। जिसमें लगभग 1000 अग्रबंधु बुलाने का विचार है। उस बैठक में अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य में समस्त कार्यक्रमों एवं युवा बाईक रैली को भव्य बनाने पर चर्चा की जावेगी। संचालन एवं आभार महामंत्री अनिल गोयल ने किया। मिींटग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल, मुकुल गोयल, राहुल बंसल कार्यकारिणी सदस्य दीपक अग्रवाल, विवेक चामड, हर्ष आर्य, प्रवीण अग्रवाल, रजत गर्ग, गोरव गोयंनका, रवि मित्तल, राहुल बंसल, जैनेन्द्र अग्रवाल, दीपक गोयल, शिवम बंसल, पुनीत गोयल, रवि गोयल, मनोज सिघंल, हरीश गुप्ता, योगेश गोयल, राजीव गुप्ता, उपेन्द्र गोयल, डॉ पवन गुप्ता, मोहित गोयल, मिलन अग्रवाल, नितिन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### नंदोत्सव कार्यक्रम मनाया

**भरतपुर ( निस )।** भुसावर कस्बे में अग्र सखी सहेली ग्रुप के द्वारा किरोड़ी लाल मित्तल स्मृति न्यास भवन जयपुर रोड पर नंदोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक लता मित्तल ने कहा कि कार्यक्रम का प्रारम्भ कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना करते हुए छप्पन भोग लगाए गए। विभिन्न भजनों तथा ढोल, मझिरों से वातावरण भक्ति मय हो गया। महिलाओं के फिल्मी भजनों पर एकल डांस डबल डांस तथा सामूहिक नृत्य से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। बच्चों की कृष्ण राधा सजावट प्रतियोगिता में वोटिंग के द्वारा प्रथम स्थान वंश मित्तल तथा भाग्यशाली विजेता में लकी कूपन से सरला संजय गोयल को कार्यक्रम प्रभारी लता मित्तल, बीना गोयल तथा पूनम अग्रवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेनू मित्तल, सीमा, कीर्ति, वर्षा, रजनी, कमलेश, अल्पना, कोमल, आशा, अलका, संतोष, मीना आदि उपस्थित रहीं।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा

**भरतपुर ( निस )।** एलएचबी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीणा एवं राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री के नाम मुख्यमंत्री जन संवाद केंद्र के ओएसडी आरके त्रिपाठी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर मेडम श्वेता यादव व सीएम एचओडी डॉ गौरव कपूर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। प्रदेशाध्यक्ष कमला मीणा एवम कर्मचारी संयुक्त महासंघ भरतपुर के जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में दिए गए। ज्ञापन में एलएचबी एएनएम बीएचएसएफ महिला नर्सिंग संवर्ग का पदनाम परिवर्तन करने एवम एएनएम महिला नर्सिंग संवर्ग की ग्रेड पे 2800 से 3600 करने एवम एलएचबी महिला संवर्ग की पे ग्रेड 3600 से 4200 एवं बीएचएसएफ की 5600 ग्रेड पे किए जाने एवं 1486 उप स्वास्थ्य केंद्रों को वित्तीय स्वीकृति जारी किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय एलएचबी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष कमला मीना भरतपुर जिलाध्यक्ष राजबाला के अलावा मिथलेश सुमन, शशि, मीनू, शशि देवी, मुन्नी सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

### दो सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को दिया

**भुसावर ( निस )।** उपखंड के गांव अलीपुर स्थित धार्मिक आस्था का केंद्र बने कालिया बाबा के नाम से प्रसिद्ध काले पहाड़ को देवस्थान विभाग में शामिल करने सहित हाल ही राज्य सरकार ने काले पहाड़ पर जारी की गई पत्थर की नई लीजो को निरस्त करने की मांग को लेकर एक दर्जन से अधिक ग्रामीण जनों ने साधु संतो की अगुवाई में दो सूत्रीय ज्ञापन भुसावर एसडीएम सचिन यादव को दिया। ज्ञापन देते समय गांव पथेना निवासी राकेश उर्फ रोकी आदि ने बताया की भुसावर उपखंड इलाके में धार्मिक आस्था के केंद्र के कालिया बाबा के नाम से प्रसिद्ध काला पहाड को देवस्थान विभाग में शामिल किए जाए साथ ही गत दिनों राज्य सरकार ने क्रेशर जॉन के लिए इस पहाड़ पर पत्थर निकलते के लिए नई लीज जारी कर दी है उनको तुरंत निरस्त किए जाने की मांग रखी है। ग्रामीण जनों ने बताया की राज्य सरकार की ओर से धार्मिक आस्था का प्रतीक कालिया बाबा के पहाड़ को देव स्थान विभाग में शामिल नही किया और सरकार की ओर से नई जारी की लीजो को निरस्त नही किया गया तो ग्रामीण जन मजबूरन अपना आंदोलन शुरू करेंगे।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

■ **अपनी पत्नी को पथरी की दवा दिलवाने जा रहा था मुरैना मध्यप्रदेश**

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक सवार युवक अपनी पत्नी को पथरी की दवा दिलाने के लिए मुरैना मध्यप्रदेश की ओर ले जा रहा था। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार युवक 24 वर्षीय राजेश पुत्र टेकचंद कोली निवासी खेड़ा थाना सदर धौलपुर अपनी पत्नी आरती को पथरी की दवा दिलाने के लिए मुरैना मध्य प्रदेश ले जा रहा था। इसी दौरान सागरपाड़ा के पास उसकी बाइक ट्रक से टकरा गई। जिस हादसे में ट्रक के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मृतक के शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में पहुंचा दिया।

पुलिस के मुताबिक हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। जिनके आने के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को मौके से हटाकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## दो दिवसीय सत्ररंभ संस्था प्रधान बाक पीठ संगोष्ठी समारोह आयोजित

**सूरौठ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाई जट्ट में दो दिवसीय सत्ररंभ संस्था प्रधान बाक पीठ संगोष्ठी 2024 25 ब्लॉक हिंडौन का सोमवार को रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान व नरेंद्र बाबा उपप्रधानाचार्य प्रवेन्द कौशिक ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर हिंडोन सीमा जादोन ने की,ए सी बी ओ हिंडोन हरि ओम शर्मा, रिद्धि चंद जैन, आर पी कमल किशोर शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रोशन लाल, एस एम सी अध्यक्ष गुमान सिंह रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट के आगे दीप प्रज्वलन कर की ,मुख्य अतिथि कैलाश चंद मीणा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा की संस्था प्रधान संस्था का मुखिया होता है विद्यालय को चलाने के लिए संस्था प्रधान शिक्षा विभाग की योजनाओं को क्रियान्वन करते हुए सत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें । इस बाकपीठ संगोष्ठी में प्रधानाचार्य को आने वाली शैक्षिक व सह शैक्षिक समस्याओं को दूर करने के लिए वार्ताकारों द्वारा संस्था प्रधानों को सुझाव दिए जायेंगे । कार्यक्रम में अतिथियों का उप प्राचार्य व्याख्याता प्रर्मेंद्र कौशिक, पालन सिंह गंधार, बनी सिंह मीणा, देवेंद्र कुमार भागोर , वरिष्ठ अध्यापिका नीतू शर्मा व वरिष्ठ सहायक रश्मि शर्मा ने माल्यार्पण एवम साफा बंधन ,शांल उड़ाकर किया।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधानाचार्य पूनम पाठक व कैलाश चंद्र गुप्ता ने किया । प्रथम सत्र के वार्ताकार प्रधानाचार्य चिनायठा सतीश प्रकाश शर्मा वार्ता में कहा कक्षा कक्ष एवं विद्यालय अवलोकन शैक्षिक सबलन प्रदान करना विद्यालय में कक्षा कक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी । प्रधानाचार्य भीमनगर मदन मोहन गुप्ता, बाजना कला लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, मंडावरा नेतराम बेनीवाल, एसीवीओ रिद्धि चंद्र जैन, खीप का पूरा दयाल सिंह सोलंकी, सोमला अनील कुमार गुप्ता, पाली राधा मोहन शर्मा, एम जी जी स्कूल हिंडौन प्रकाश सिंह बेनीवाल ने भिन्न भिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उमा उपाध्याय, प्रधानाचार्य , मुकेश भागौर, बनवारी लाल मीणा, मुरारी भगौर, अभय सिंह, पंकज जैन, अरूण डागुर, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पदयात्रा मंगलवार को

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में गंगापुर सिटी से करणपुर को जाने वाली 19वीं पदयात्रा मंगलवार को दोपहर एक बजे पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी। पदयात्रा संयोजक हरकेश पटवारी ने बताया कि गंगापुर सिटी से कुडगांव के बीच दर्जनो जगह माता रानी के भक्तो द्वारा पदयात्रियो का स्वागत किया जाता है। पदयात्रा का पहला रात्री विश्राम कुडगांव स्थित मैरिज हॉम में रहेगा। वहीं 11 सितम्बर को सुबह कैलादेवी में एवं रात्री विश्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लकरूकी रहेगा। 12 को पदयात्रा का सुबह ठाकूर बाबा पर व दोपहर में मां जगदम्बे के दरवार में गाजे बाजे एवं शोभायात्रा के साथ पहुंचेगी जहां रात्री को मातारानी के प्रांगण में विशाल जागरण, छप्पन भोग, फूल बंगला झांकी व भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

## स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान चलाया

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बारिश से मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण न बने, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अगस्त माह में स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान चलाकर मच्छर रोधक गतिविधियां आयोजित की और मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम में सहभागिता की बात रखी।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप रहता है, जिनमें मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनियां मच्छरों को काटने से होती हैं। मच्छरों के पनपने के स्थानों की सफाई रखी जाये तो मच्छर जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम संभव है। आमजन भी प्रत्येक रविवार 30 मिनट का समय अपने घरों पर मौजूद कूलर, टंकी, परिंडे, फूलदान, फ्रीज टे और छत के कबाड की सफाई को दें एवं अपने आस पास पानी एकत्रित न होने दें।

उन्होंने बताया कि गड्ढों में एकत्रित पानी में एमएलओ डलवायें, मच्छरों के पनपने वाले स्थानों पर मच्छर रोधक दवा का छिडकाव करावें ताकि समय से मौसमी बीमारियों की रोकथाम संभव हो सके।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बरसात के समय में सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें, पूरी आस्तीन के कपडें पहनें, घर के दरवाजों व खिडकियों पर जाली लगवायें, पानी की टंकियों का ढक कर रखें और फूलदान, गमले व कूलरों का पानी का पानी साप्ताहिक अंतराल में बदले एवं नालियों की साफ-सफाई रखें तथा अपशिष्ट पदार्थो की उचित निस्तारण करें और साथ ही व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखें।

मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्या न करें: घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा होने देना, सुबह व शाम के समय खिडकी, दरवाजों को खुला छोडना, पुराने व खराब सामान को छत पर रखना, खुले में शौच करना, पुराने टायर, प्लास्टिक के कप, फ्रीज की ट्रे, बोतलों, कबाड, फूलदानों में पानी इकट्ठा होने देना और बुखार आने पर लापरवाही करना एवं बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा का सेवन करना।

## प्रशिक्षण संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** डाइट भरतपुर के ईटी प्रभारी प्रभा गुप्ता ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट भरतपुर के शिक्षा तकनीकी प्रभाग द्वारा आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा निर्देशित दो दिवसीय कक्षा 6 से 10 गणित विषय प्रायोगिक कार्य आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें डायट प्राचार्य नीलमणि चौधरी द्वाराप्रशिक्षण का श्री गणेश माँ शारदे के पूजा वंदन दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रभारी प्रभा गुप्ता द्वारा शिक्षको का उत्साह वर्धन कर गणित विषय में अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्य कराने हेतु शिक्षको को अभिप्रेरित किया गया।

डायट प्राचार्य निर्माणी चौधरी ने संभागियों को गणित विषय की उपाध्यता एवं महत्व को समझाया।

## गंगापुर व नादोती के चुनाव 8 सितम्बर को

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला गंगापुर सिटी ने उपशाखाओं के चुनावों की तारीख घोषित कर दी है। प्रदेश प्रतिनिधि देवेश शर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में यह घोषणा की गई। प्रदेश प्रतिनिधि देवेश शर्मा ने बताया कि जिले की सभी उपशाखाओं के निर्वाचन की दिनांक, चुनाव स्थल के साथ-साथ चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षक तय किए गए हैं। इनमें 8 सितंबर को गंगापुर सिटी और नादौती उप शाखा के चुनाव होंगे। 15 सितंबर को बामनवास उप शाखा के चुनाव एवं 22 सितंब को टोडाभीम उप शाखा के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। निर्वाचन कार्यक्रम प्रदेश की निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार रहेगा एवं जिला शाखा के चुनाव 2० अक्टूबर को करवाया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन के पांच आयाम जिसमें स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक सद्भाव और पारिवारिक मूल्यों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संकल्प दिलाया कि सभी सदस्य-पदाधिकारी संगठन के इन पांच आयामों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष बजरंगलाल गुर्जर ने सभी सदस्यों का आभार जताया जबकि मंच संचालन जिला कोषाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने किया।

## हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक आयोजित



**हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक होटल धनराज पैलेस, सारस चौराहा पर आयोजित की गई।**

**भरतपुर ( निस )।** हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक होटल धनराज पैलेस, सारस चौराहा पर आयोजित की गई। बैठक में सोसायटी अध्यक्ष डॉ अशोक पाराशर ने सभी सदस्यो का स्वागत करते हुए स्वाधीनता दिवस पर सोसायटी को सम्मानित होने पर सभी को बहुत बहुत बधाई दी।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने सोसायटी के द्वारा अभी तक कराए गए कार्यों एवं भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी सदस्यो को सोसायटी के द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव सतेंद्र यादव ने बताया कि सोसायटी द्वारा अभी तक लगाए गए वृक्षों की समय समय पर देखभाल की जायेगी तथा किसी कारणवश यदि कोई वृक्ष खराब हुआ है तो उसके स्थान पर नया वृक्ष लगा कर उनकी सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की जायेगी।

संगठन मंत्री शीलम सिंह ने वृक्षारोपण कार्य में विशेष योगदान देने पर मीना शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा, विनय गर्ग सीए, शंकर लाल, बृजेश गोस्वामी, सुनीता कुशवाह, कुंवर पाल, दीपक कुमार को पौधा देकर सम्मानित किया। विकास मित्तल द्वारा आगामी फ्लावर शो 2025 आयोजित करने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी सदस्यो से अभी से तैयारियों में जुट जाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में ज्ञानेश सोनी, डा.प्रीति सक्सेना आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। अवनीश शर्मा, अरुण जैन, धीरेन्द्र सिंह, केदारनाथ वर्मा, डा.अर्चना, संजीव भट्ट, अंजना सोनी, एस सी पीतलिया, हेमंत सिंह आदि ने सोसायटी के कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह एवम अमिता शर्मा की अगुवाई में सदस्यो ने जमकर डांस किया।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला ने तोड़ा दम

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में जसुपुरा गांव के पास सडक किनारे बैठी महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए रेफर किया गया। जहां रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद उसका पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे एएसआई घनश्याम सिंह चाहर ने बताया कि सड़क हादसे में महिला की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि महिला के पति लीलाधर पुत्र चरण लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि उसकी 37 वर्षीय पत्नी फूलन देवी रविवार को चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। चारा लेकर लौटते वक्त रास्ते में परेशान होकर वह पेड के नीचे बैठ गई। इसी दौरान तेज रफ्तार में आते बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे के बाद स्थानीय लोग घायल महिला फूलन देवी को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया। उच्च उपचार के लिए ले जाते वक्त महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए महिला का पोस्टमार्टम करा दिया है। वहीं हादसे को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पदयात्रा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

■ **बैठक मे आगामी 23 वी निशुल्क पदयात्रा आगामी 15 अक्टूबर मंगलवार को ले जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई**

**करौली ( नि.स. )।** मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली की पदयात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें गत बैठक का आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया। करौली जिला मुख्यालय स्थित अंजनी माता मंदिर के निकट वारे वाले हनुमान मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता भाकरी बालों की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी 23 वी निशुल्क पदयात्रा आगामी 15 अक्टूबर मंगलवार को ले जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक मे उपस्थित लोगों ने गुमानो मां करनपुर वाली की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया इसके पश्चात गत वर्ष निकाली पदयात्रा की समीक्षा एवं आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत करते हुए धर्मशाला के देखरेख और व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर चर्चा की गई समिति के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह एवं गिर्राज तिवारी ने बताया कि मां करणपुर गुमानो माता कि 23वीं विशाल नि:शुल्क पदयात्रा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को दोपहर नगाडखाना दरवाजा स्थित गोपाल जी महाराज के मंदिर से रवाना होगी वहीं पद यात्रा रवाना से पूर्व करौली के मदन मोहन जी महाराज के मंदिर के निकट एक स्थान पर नवरात्रा के दौरान 3 अक्टूबर से माता रानी की प्रतिमा की स्थापना कर नवदुर्गा पाठ सहित कई अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे बैठक के दौरान रेपती प्रसाद शर्मा, महेश शर्मा उपाध्यक्ष, हरि काका तंबोली, हेमराज तिवारी, तेजेंद्र सिंह, अमर सिंह तवर, विजय गुप्ता बजाज, जितेंद्र बंसल मेडिकल वाले, रिको संघ अध्यक्ष बनवारी शर्मा हरदैनिया, कैलाश चंद शर्मा,दिनेश चंद कपडे वाले,जुबिन जंगल, हरिचरण लाल, भैरो लाल मास्टर आदि लोगों ने पदयात्रा में अधिक से अधिक लोगों को ले चलने,कैलादेवी में होने वाले रात्रि विश्राम का स्थान सुनिश्चित करने,लखरू कि गांव में आयोजित स्वल्पाहार सहित आशा की बॉच टावर पर होने वाले भंडारे एवं भगवती जागरण कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने-अपने सुझाव दिए गिर्राज तिवारी ने बताया कि पदयात्रा के 16 अक्टूबर को करणपुर धाम पहुंचने पर माता रानी के दरबार को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए फूल बंगला की झांकी लगाकर माता रानी को छप्पन भोग के प्रसाद लगाए जाएंगे इस अवसर पर बैठक में मोनू उर्फ अखिलेश शर्मा,अरविंद शर्मा,संजय सिंह,प्रहलाद कुमार ,केशु ,रामबाबू तिवारी, रमेश शर्मा,गजानंद शर्मा, मुकेश शर्मा ,राजीव शर्मा सहित समिति से जुडे सदस्य उपस्थित रहे।


**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली ( राज. )**

क्रमांक/रामक/लेखा/2024/3581 दिनांक: 02.09.2024

**सीमित निविदा 2024-25**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस कार्यालय में इनवर्टर बैटरी उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से बंद लिफाफे में दिनांक 10.09.2024 अपरान्ह दो बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन क्रय समिति व उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा। जिसकी अनुमानित लागत 15000/- है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB: ECD2425A0149
UBN:ECD2425GSLB00148

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
करौली

**कार्यालय जिला परिषद करौली**

क्रमांक/निविदा/मतस्य/2024-25/1752 दिनांक: 02.09.2024

**मत्स्य ठेका निविदा विज्ञप्ति**

जिला परिषद के अधीन 'ख' श्रेणी बंध अतेवा (आरक्षित राशि 4.50 लाख) में मत्स्य ठेके हेतु वर्ष 2024-25 से ठेका संबंधित 31.03.2025 तक के लिए मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निविदा शुल्क 400 रू. (अक्षरे चार सौ मात्र) नकद भुगतान कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदाऐं दिनांक 10.09.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक बेची जावेगी एवं उसी दिन 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जावेगी तथा उसी दिन 2.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उचित मूल्य निविदत करने पर नियमानुसार जलाशय के स्टेजेज बढोतरी के आधार पर 05 वर्ष की अवधि के लिए लीज पर देने का प्रावधान है।

आरक्षित राशि की 10 प्रतिशत अमानत राशि निविदा के साथ डी.डी. द्वारा जमा कराना आवश्यक होगा। किसी भी निविदा के साथ अमानत राशि जमा नहीं कराने अथवा कम राशि जमा कराने पर उस निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्राधिकृत समिति को किसी भी प्राप्त निविदा को बिना कोई कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

NIB: ZKR2425A0138
BID:ZKR2425GS0B00192

( उदय भानुचारण )
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# वंदे भारत ट्रेन के गंगापुर आगमन पर गार्ड व चालक दल का किया स्वागत

**गंगापुर सिटी ।** वंदे भारत ट्रेन का सोमवार से गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया। पहले ही दिन वंदे भारत अपने निर्धारित समय 11 बजकर 43 मिनट की जगह 20 मिनट देरी से 12 बजकर 3 मिनट पर पहुंची। वंदे भारत ट्रेन के गंगापुर सिटी पहुंचने से पहले लोगों में ट्रेन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। गंगापुर सिटी में वेस्ट सेंट्रल एंपलाइज यूनियन, मजदूर संघ के अलावा भाजपा नेता वंदे भारत ट्रेन के गंगापुर सिटी आगमन से करीब एक घंटे पहले ही रेलवे स्टेशन पहुंच गए। इस दौरान उदयपुर से चलकर जैसे ही वंदे भारत ट्रेन गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां पर वंदे भारत ट्रेन का भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित के नेतृत्व में पायलट, लोको पायलट और गार्ड का माला-साफा पहनाकर अभिनंदन किया। साथ ही तीनों का मुंह मीठा कराया और इस खुशी के मौके पर लोगों को भी मिठाई खिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने कहा कि वंदे भारत के गंगापुर सिटी में ठहराव से गंगापुर सिटी के विकास को पंख लगेंगे और अब आगरा और उदयपुर से सीधी कनेक्टिवीटी होने से पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि ट्रेन के ठहराव से गंगापुर सिटी के विकास और पर्यटन के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। वंदे भारत ट्रेन के प्रथम बार आगमन पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मजदूर संघ पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने लोको पायलट और गार्ड का स्वागत किया।

- गंगापुर की उदयपुर-आगरा से सीधी कनेक्टिविटी, 20 मिनट देरी से वंदे भारत ट्रेन भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोको पायलट का किया स्वागत
- उदयपुर से आगरा का एसी चेयर कार का किराया 1615 और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2945 रुपए तय किया गया है।


वंदे भारत ट्रेन के गंगापुर सिटी पहुंचने पर रेलवे चालक दल व गार्ड का स्वागत करती गंगापुर जनता।

यूनियन के नेताओं ने वंदे भारत के लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और गार्ड को माला साफा पहनकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया और वंदे भारत गाडी का संचालन गंगापुर सिटी रनिंग मुख्यालय को दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, हरीप्रसाद मीणा, सहायक मंडल मंत्री श्रीप्रकाश शर्मा ने कहा कि यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव के प्रयास के कारण वंदे भारत गाडी का संचालन गंगापुर सिटी रनिंग मुख्यालय को मिला है, इसके लिए सभी ने उनका आभार जताया।

इसी तरह मजदूर संघ के पदाधिकारी पीसी मीणा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी वंदे भारत का संचालन गंगापुर रनिंग मुख्यालय को दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय संघ के पदाधिकारियों की मेहनत को दिया। रेलवे ने ऑफलाइन और ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू कर दी है। उदयपुर से आगरा का एसी चेयर कार का किराया 1615 और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2945 रुपए तय किया गया है।

## 6 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**भरतपुर ( निस )।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार रोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा ग्राम धानौता ब्लॉक सेवर में 6 दिवसीय किराना एवं शॉप कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अग्रणी जिला प्रबन्धक प्रशांत कुमार, पीएनबीआरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

अग्रणी जिला प्रबन्धक प्रशांत कुमार ने बताया बैको से संबधित जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री सडक सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षणाथियों को मार्केटिग के बारे में बताया कि मार्केट मे किस प्रकार से निर्मित उत्पादों को बाजार में विक्रय किया जा सकता है।

उनके द्वारा यह भी बताया कि वर्तमान में मार्केटिग का कार्य डिजिटल हो रहा है, जिससे ग्राहकों को अपना माल बेचने में आसानी रहती है।

उनके द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य आगे बढने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसके बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को युनिफार्म का वितरण किया गया, तत्पश्चात् वृक्षारोपण का कार्यकम प्रशिक्षणार्थियों के सहयोग से किया गया।

## सार-समाचार

### जलभराव से निजात दिलाने की मांग


जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय धौलपुर पहुंच कर एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

**धौलपुर।** धौलपुर शहर की नजदीकी ग्राम पंचायत तगावली के भैंसाख गांव के निवासी स्कूली बच्चों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय धौलपुर पहुंच कर एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रास्ते में हो रहे जलभराव से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि भैंसाख गांव से तगावली पंचायत मुख्यालय को जाने वाला रास्ता बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। रास्ता क्षितग्रस्त होने से बरसात में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। इससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। इन गड्डो में स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे गिरकर घायल होते हैं। ग्रामीण और विद्यार्थियों का रास्ते में निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. साधना शर्मा से रास्ते को ठीक कराने की मांग की है। जिस पर एसडीएम शर्मा ने ग्रामीणों को समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।

### यूपीएचसी का निरीक्षण किया

**करौली ( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक सुचारू पहुंच की सुनिश्चितता के लिए सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने यूपीएचसी गणेश गेट का निरीक्षण कर मौसमी बीमारियों से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। डॉ. मीना ने संस्थाओं पर पहुंच कर उपस्थिति पंजिका अनुसार कार्मिकों की मौजूदगी जांची। उन्होनें संस्था पर ओपीडी, आईपीडी, जांच, दवा की उपलब्धता सहित एनसीडी में कार्य की समीक्षा कर आयुष्मान केवाईसी और आभा आईडी बनाने, आयुष्मान कार्ड वितरण और मौसम बीमारी के लिए टीमों के माध्यम से सर्वे के निर्देश प्रदान किए और मौसमी बीमारियों की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के लिए पाबंद किया। उन्होंने संपूर्ण टीकाकरण के लिए ड्यू लिस्ट अनुसार लाभार्थियों को टीकाकृत करने की बात कही। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीषचंद मीना ने परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों के वितरण पर जोर दिया । इस दौरान डीपीओ आशुतोष पांडे ऑडीके एप पर निरीक्षण ऑनलाइन दर्ज कराया।

### रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** समग्र शिक्षा भरतपुर के तत्वाधान में शिक्षकों छिपी सांस्कृतिक प्रतिभा तथा शिक्षण कौशल को सामने लाने के लिये जिला स्तर पर रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों की कलात्मक एवं शैक्षिणक प्रतिभा को पहचानने, इसे पोषित करने, प्रस्तुतीकरण करने तथा बढावा देने के लिये शिक्षकों को मंच उपलब्ध करवाया जाता है। रंगोत्सव प्रतियोगिता में शास्त्रीय संगीत गायन, संगीत पारंपरिक लोकगीत, संगीत वादन पारंपरिक लोक वाद्य, संगीत वादन शास्त्रीय संगीत, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण एवं अध्यापन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें शिक्षक अथवा शिक्षिका एकल प्रतिभागी के रूप में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के लिये पर्याप्त प्रचार-प्रसार तथा जरिये गूगल फॉर्म व्यक्तिशः उपस्थित होकर पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है। यह कार्यक्रम 6 सितम्बर को स्काउट भवन रेलवे स्टेशन के सामने, भरतपुर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड तथा प्रमाण-पत्र से सम्मानित करते हुये राज्य स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान विजेता को क्रमशः 5100, 3100, 2100 का नकद पुरुस्कार तथा शील्ड प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

### बाबू बाबा का मुख्य मेला 5 को

**भरतपुर ( निस )।** कस्बा में 4 सितंबर से शुरू होने जा रहे दो दिवसीय मेले की तैयारी को लेकर लोगों ने महा पंचायत की। जिसमे मेला कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर बाबू बाबा मेला पोस्टर का विमोचन किया और मेला कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में मास्टर पुरुषोत्तम लाल गुर्जर को अध्यक्ष, रामकिशन गुर्जर वकील को सचिव, लाखनलाल पाठक को कोषाध्यक्ष, तुलसीराम चौबदार को उपाध्यक्ष,लक्ष्मण सैनी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। मेला कमेटी सचिव रामकिशन गुर्जर, प्रवक्ता लक्ष्मण प्रसाद सैनी ने बताया कि गांव न्यौठा में 4 सितंबर से दो दिवसीय श्री बाबू बाबा मेला का कलश यात्रा के साथ शुरू होगा और 5 सितंबर को बाबू बाबा का मुख्य मेला लगेगा। मेला कमेटी ने गांव के सर्व समाज ने बाबू बाबा मेला पोस्ट का विमोचन किया व गणेश जी की पूजा अर्चना की। 4 सितंबर को खेलकूद प्रतियोगिता होंगी जब कि 5 सितंबर को 56 भोग व फूल बंगला दर्शन सहित बाबू बाबा का दरबार सजाया जाएगा। इसी दिन हरियाणा की रागनी गायन, अन्नकूट प्रसादी व अतिथि आदि का सम्मान होगा। मेला के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम होंगे और क्षेत्रीय विधायक जगत सिंह अध्यक्षता करेंगे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के भूराखेड़ा गांव के पास खेतों में पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की संदिग्ध हालातों में मौत की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां से मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। वहीं मृतक के भाई ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाल प्रमेंद्र रावत ने बताया कि सोमवार तड़के पुलिस को एक युवक का शव पेड से लटका हुआ मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान 21 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र रामअवतार निवासी पायलेन का पुरा के तौर पर की। युवक का शव मिलने पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान करने के बाद पुरानी रंजिश के चलते कोतवाली थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतक के भाई द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि बीती रात को कुछ लोग उसके भाई को कावड़ लाने की बात कह कर घर से ले गए थे। जहां रात को गला दबाकर उसके भाई की हत्या कर शव को पेड़ से लटका कर आत्महत्या करने का रूप दिया गया है।

कोतवाल ने बताया कि मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

## प्योर इंडिया ट्रस्ट को मिला राज्य स्तरीय भामाशाह एवं शिक्षा भूषण सम्मान

**करौली ( नि.स. ) ।** करौली जिले के प्रशांत पाल को करौली,अलवर, चित्तौड़गढ़ एवं जयपुर जिलों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया । शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर जी की अध्यक्षता में उदयपुर के मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी के विवेकानंद सभागार में 28वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में आयोजित किया गया।

प्रशांत पाल ने बताया कि प्योर इंडिया ट्रस्ट के माध्यम से ट्रस्ट अब तक 50 से ज्यादा सरकारी विद्यालयों के शिक्षा सम्बन्धी आधारभूत सुविधाओं, स्टेम लैब, कंप्यूटर लैब, ओपन जीम, करियर मार्गदर्शन, खेलकूद सामाग्री, छात्रवृति, प्रतिभा सम्मान, यूनीफॉर्म वितरण, नई शिक्षा नीति के संबधित कलरिंग, बिल्डिंग मरम्मत, एवं अन्य भौतिक व शैक्षिणक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहे हैं। राजस्थान भर में 15 लाख से ज्यादा की राशि दान करने वाले 157 भामाशाहों एवं 81 प्रेरकों को सम्मानित किया। खास बात यह है कि प्रशांत पाल करौली जिले से सम्मानित होने वाले एकमात्र भामाशाह एवं सामाजिक कार्यकर्ता है। प्रशांत पाल मूलतः करौली जिले के मनोहरपुरा गाँव से हैं।


करौली शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने प्योर इंडिया ट्रस्ट के प्रशांत पाल का सम्मान किया।

## मौसमी बीमारियों के संबंध में चिकित्सा अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें: कलेक्टर

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि पिछले दिनों जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण शहर व ग्रामीण के जलभराव क्षेत्रों में मौसमी बीमारी पनपने की संभावना रहती है इस संबंध में चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में नगर परिषद आयुक्त को कमेटी गठित कर एवं सर्वे करवाकर गत दिनों अतिवृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट दो दिन में भिजवाने, सीएमएचओ को जलभराव क्षेत्रों में फोगिंग करवाने, आमजन को जागरूक कर कुलर, टायर एवं अन्य जगहों पर भरे हुए पानी को निकालने के लिए जागरूक करने, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को स्कुलों की छतों को सफाई करने, स्कूलों में मिड डे मील पोषाहार की उपलब्धता एवं पोषाहार नियमित बन रहा है सुनिश्चित करने एवं प्रमाण पत्र देने, विद्युत विभाग के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को विभाग कि 14 पैरामीटर में प्रगति बढाने, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को मंगलवार से शुरू होने वाले दिव्यांग शिवरों की तैयारी कर अधिक से अधिक दिव्यांगों को लाभान्वित करने, महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करने एवं पोषाहार एवं सैनटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने, इसके अलावा ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिषत पालना करने के निर्देष दिये, गत दिनों रात्रि चैपाल एवं जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों व परिवादों को समय सीमा में निस्तारण करने कि बात कही।

## बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला संपन्न

**करौली( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा शहर मंडल करौली के तीन शक्ति केंद्रो पर बूथ अध्यक्षों कि कार्यशाला संपन्न हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि शहर मंडल के दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र पर मुख्य अतिथि करौली विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी एवं मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की रही इस दौरान बूथ अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा एडवोकेट ,मनीष शर्मा ,वेद प्रकाश शर्मा, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में अटल बिहारी वाजपेई शक्ति केंद्र पर कार्यशाला बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी कि उपस्थिति में संपन्न हुई इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक एवं सदस्यता अभियान के संयोजक तेजेंद्र सिंह जादौन की अध्यक्षता में रही इस दौरान बूथ अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, विकास नामा, अंकित शर्मा, आशुतोष जैन आदि मौजूद रहे इसी प्रकार सरदार पटेल शक्ति केंद्र पर शक्ति केंद्र संयोजक धन सिंह चैहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुकेश माली, धन सिंह, जितेंद्र कुमार, हेमराज, चंद्र प्रकाश, बबलू, दिनेश आदि मौजूद रहे। आशुतोष तिवारी ने बताया कि सभी बूथ अध्यक्षों ने सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य जोड़ने की बात कही एवं सदस्य जोड़कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही।

## राम कथा में संपन्न हुआ शिव पार्वती विवाह

**सवाई माधोपुर ।** जिला मुख्यालय पर चल रही रामकथा में मानस वक्ता संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने रामकथा के द्वितीय दिवस में शिव विवाह की कथा का वर्णन किया। महाराज ने पार्वती जी के छोटी उम्र में तप और भजन करने के प्रसंग को श्रोताओं के समक्ष रखते हुए कहा कि व्यक्ति को समय रहते भजन में लग जाना चाहिए क्योंकि जीवन का कोई पता नहीं जीवन कि क्षणभंगुरता इस बात की पर्याय है कि भजन करने का जो समय मिले वही उचित है क्योंकि बुढ़ापे में भजन नहीं हो पाते क्योंकि उस समय शरीर में व्याधि उत्पन्न हो जाती है इस प्रसंग के माध्यम से संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति को जीने का तरीका तब आता है जब उसका जीवन चला जाता है इसलिए कथाओं के माध्यम से हम अपने जीवन की सार्थकता को समझे और समय के साथ अपने जीवन को भक्ति के क्षेत्र में और भजन के क्षेत्र में समर्पित करें इससे पूर्व मानस पूजन के साथ आरंभ हुई कथा में सती के द्वारा प्रभु श्री राम का अपमान करने एवं सती के द्वारा उनकी परीक्षा लेने के कारण भगवान शिव ने सती का त्याग कर दिया लेकिन मरते हुए सती ने यही प्रार्थना की कि मुझे जन्म जन्म में शिव ही पति रूप में मिले उसके पश्चात उनका जन्म हिमाचल जी के यहा हुआ और उन्होंने अपने त्याग और तपस्या से भगवान शिव को पति रूप में पाया ।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्यता अभियान की बैठक सम्पन्न

**भरतपुर( निस )।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा भरतपुर की भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला सदस्यता अभियान का प्रारंभ 2 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। सदस्यता के लिए मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस कॉल करके जारी होगा। इस नंबर पर मिस कॉल करने पर लिंक आयेगी जिस पर प्रार्थी अपना विवरण भरेगा और सदस्यता हो जाएगी। इसके अलावा नमो ऐप और भाजपा की वेबसाइट पर भी जाकर व क्यूआर कोड को स्कैन करने पर भी सदस्यता ली जा सकती है। प्रदेश में 3 सितंबर को तथा जिला स्तर पर 4 सितंबर को सदस्यता अभियान की लॉन्चिंग होगी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है तथा जो अपना वैधानिक स्तर के आधार पर सदस्यता करती है भाजपा की विचार धारा में एवं रीति-नीति सिंद्धात में विष्वास करने वाला कोई व्यक्ति भाजपा का सदस्य बन सकता है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव ने कहा कि भरतपुर जिले में 3.50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

- भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा भरतपुर की भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।


भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

जिसमें से 38 हजार अनुसूचित जाति के सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में अभियान का पहला चरण 20 अक्टूबर तक चलेगा उसके बाद सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा सक्रिय सदस्य बनने के लिए 200 प्राथमिक सदस्य बनाने होंगे सक्रिय सदस्य को ही भारतीय जनता पार्टी के संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्रदेष उपाध्यक्ष एससी मोर्चा प्रेमसिंह आर्य, शैक्षिक प्रकोष्ठ के प्रदेष सह-संयोजक प्रो. जग्गो सिंह, भाजपा एससी मोर्चा के सदस्यता अभियान के संयोजक नेताराम जाटव, बीजेपी ऐसी मोर्चा जिला महामंत्री शिव सिंह जाटव विजय सिंह झरोटिया जिला उपाध्यक्ष बदनलाल बाबू, मदनलाल सरपंच, ओमप्रकाश कोली, राकेश मुढौतीया, उत्तम सिंह दहगैया, रमेश, प्रशात राज, नरेश चंद, आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कवि डीके जैन मित्तल को किया आमंत्रित

**कामां ( निस )।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग एवं हिंदी साहित्य अकादमी भारत के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद तीन दिवसीय कवि कुंभ का आयोजन लखनऊ में 5, 6, 7 सितंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। जिसमें देश भर से लगभग 350 कवि कवयित्रियों को हिंदी साहित्य अकादमी भारत संस्था के अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन सुमन एवं संगठन प्रमुख स्टार पोएटेस डॉ अनामिका जैन अंबर के द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें कामां (भरतपुर) के कवि डी के जैन मित्तल को भी इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। लखनऊ में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रशासन के तमाम अधिकारी, नेता, अभिनेता और देश भर की तमाम सेलिब्रिटी, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि पहुंच रहे हैं। जहां पर अलग अलग सत्रों में कविताएं होंगी। स्थापित कवि अपने अनुभवों को शेयर कर कवि सम्मेलन मंचों की बारीकियों के बारे में बताएंगे।

कवियों के लिए होटलों में वातानुकूलित कमरों, भोजन, सम्मान आदि की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। संस्था के अध्यक्ष सौरभ जैन सुमन एवं संगठन परिवार इस वृहद कवि कुंभ की तैयारियों में पूरी तरह समर्पित हैं और नई कोपलों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। पूरे देश के कविकुल में इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साह है।

## कर्नल बैंसला की मूर्ति लगाने के लिए सर्वसमाज ने सौंपा ज्ञापन


कर्नल बैंसला की मूर्ति लगाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौपते सर्वसमाज के लोग।

**हिण्डौन सिटी।** सामाजिक क्रांति के अग्रोहा रहे स्व. कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की नगर परिषद क्षेत्र में निर्धारित स्थान पर मूर्ति लगवाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को सर्वसमाज के लोगों ने एसडीओ के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित सर्वसमाज के लोगों ने बाईपास मार्ग स्थित पटेल नगर चौराहे पर कर्नल बैंसला की मूर्ति लगाने की स्वीकृति देने एवं महवा मार्ग स्थित 220 केवी बिजली स्टेशन चौराहा का कर्नल किरोडी सिंह बैंसला चौराहा नामकरण किए जाने की पुरजोर ढंग से मांग रखी।कर्नल बैंसला मिशन मूर्ति, हिण्डौन संगठन से जुडे सर्वसमाज के लोग बडी संख्या में सोमवार को सुबह 11 बजे उपखंड कार्यालय परिसर में एकत्र हुए, जहां उपजिला कलेक्टर के व्यस्तता के कारण उपस्थित नहीं होने पर तहसीलदार शिवांगी को उपजिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के संयोजक दीनदयाल सारस्वत, कैप्टेन प्रताप सिंह, जीतु तंवर तिघरिया, पार्षद अजय मावई, पार्षद राहुल हरसाना, पूर्व पार्षद नरेश गुर्जर, पूर्व पार्षद गोपेंद्र पांवटा, कैप्टन मालाराम, हवलदार जनक बड़ी बाखर, नाहर सिंह कमांडो, अजीत बाबूजी, वेदसिंह सूबेदार, हनुमत नागोतीया, पप्पू बनकी, साहब सिंह बनकी, भूपेंद्र बनकी, ब्रह्मिसंह तंवर, राजेश गाज़ीपुर, प्रहलाद सिंह दांतका, कप्तान कुमेर लपावली, बनकी के पप्पू सिंह गुर्जर, साहब सिंह बनकी आदि कई प्रमुख लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे और एसडीओ के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सर्वसमाज के लोगों ने मांग की कि बाईपास स्थित पटेल नगर चौराहे पर कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की मूर्ति लगाने की स्वीकृति प्रदान की जाए और महवा मार्ग स्थित 220 केवी बिजली स्टेशन तिराहे का नामकरण कर्नल किरोडी सिंह बैंसला के नाम पर किया जाए।

